# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- नवरात्रि में सूर्योदय के साथ देश को मिल रहा है जी एस टी बचत उत्सव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सस्ती वस्तुओं की सौगात दी।
- जी एस टी कटौती से उपभोक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत।
- श्री विजयपुरम में नमो युवा रन का सफल आयोजन–विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार।
- देश भर में महालया की धूम–पितृ पक्ष के समापन के साथ दुर्गा पूजा की शुरूआत।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नवरात्रि के पहले दिन (सोमवार) से देशव्यापी "जी एस टी उत्सव" की शुरुआत की घोषणा की और इसे भारत के लोगों के लिए बचत का उत्सव बताया। यह पहल देश भर में नई जी एस टी दरों के लागू होने के साथ ही शुरू हो रही है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाईस सितंबर से, नागरिक नए जी एस टी ढांचे के तहत कम कीमतों पर कई तरह के उत्पाद खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा, "अगली पीढ़ी के जी एस टी सुधार कल से लागू हो रहे हैं, यह 'जीएसटी बचत उत्सव' जैसा है। कल से आप अपनी पसंदीदा वस्तुएँ आसानी से खरीद सकेंगे। यह हर भारतीय के लिए जीएसटी बचत उत्सव जैसा है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस नई "जीएसटी उत्सव" पहल का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को सस्ते और बेहतर उत्पादों तक पहुंच प्रदान करना है। यह पहल, खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, क्योंकि नई जीएसटी दरों के लागू होने से उनके लिए कई वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।

जीएसटी 2.0 का यह संस्करण उपभोक्ताओं के लिए फायदाकारी साबित हो सकता है, क्योंकि इसमें पांच प्रतिशत और अट्ठारह प्रतिशत की सरलीकृत दरें हैं, जो आम उत्पादों को किफायती बनाने में मदद करेंगी।

<><><><><><><>

जी.एस.टी. की नई दरें आज आधी रात से लागू हो रही हैं। आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, जी एस टी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। उनका यह सपना तीन सितम्बर को साकार हुआ, जब जी एस टी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की।

आज सुबह सात बजे श्री विजयपुरम में नमो युवा रन का भव्य आयोजन हुआ। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित इस पाँच किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ में एक हज़ार से अधिक धावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के संरक्षण और कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न किया गया। आयोजन समिति का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पी. योगेश ने किया। पुरुष वर्ग में– प्रथम पुरस्कार आनंद कुमार, चेस्ट नंबर एक सौ चौहत्तर, न्यू मंगलूटान को मिला। द्वितीय पुरस्कार असीम कुजुर, चेस्ट नंबर चार सौ तेरह, प्रातरापुर को दिया गया। तृतीय पुरस्कार भास्कर राव, चेस्ट नंबर तीन सौ इक्कीस, कामोर्टा को प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में– प्रथम पुरस्कार कुमारी पी. अलगनमल, एस.ए.आई. से संबद्ध को मिला। द्वितीय पुरस्कार कुमारी जैस्मिन राम, एस.ए.आई. को प्राप्त हुआ। तृतीय पुरस्कार कुमारी ज्योति कुमार, के.वी. वन से संबद्ध को मिला। विजेताओं को क्रमशः ग्यारह हज़ार, साढ़े सात हज़ार और पाँच हज़ार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, पुरुष और महिला दोनों वर्गों में पाँच–पाँच सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने इस सफल आयोजन पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पी. योगेश और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। यह दौड़ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की गई। सेवा पखवाड़ा, सत्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस से आरंभ होकर दो अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

देश के विभिन्न हिस्सों में आज महालया का त्योहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पितृ पक्ष श्राद्ध के समापन और दुर्गा पूजा की शुरुआत का प्रतीक है। हिन्दू पंचांग के अनुसार अश्विन मास में मनाया जाने वाला महालया देवी दुर्गा के पृथ्वी पर आगमन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। विशेषकर बंगाली समुदाय में इस अवसर पर प्रातःकाल 'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र' का श्रवण–गायन होता है, जिसे आदि शंकराचार्य द्वारा रचित माना जाता है। पूजा–अर्चना के बाद श्रद्धालु अपने पूर्वजों को तर्पण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने महालया के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने मां दुर्गा के आशीर्वाद से शक्ति, आनंद और स्वास्थ्य की कामना की, वहीं श्री शाह ने देवी दुर्गा से हर घर में समृद्धि और सुख–शांति की प्रार्थना की।

<><><><><><><>